आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ए.आई. की मदद से प्राचीन ग्रंथों व पांडुलिप्पियों का संरक्षण कर रहा है भारत, मन की बात कार्यक्रम में इंडिया ए.आई. समिट को बताया अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन।
- आपदा प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार ने किराए के रूप में जारी किए लगभग 9 करोड़ रुपये।
- सप्ताह भर चला मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव संपन्न–राज्यपाल ने शिवरात्रि महोत्सव को बताया आस्था व भक्ति का प्रतीक।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का आरोप–सैंकड़ों शिक्षण संस्थान बंद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है राज्य सरकार।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन भविष्य में यांत्रिक मेधा के उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में हुए इस सम्मेलन में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्ट–अप से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

*मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा एआई सम्मेलन में विश्व भर के नेता यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी यांत्रिक मेधा की सहायता से प्राचीन ग्रंथों, ज्ञान और पांडुलिपियों का संरक्षण कर रहा है।*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन एआई के क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन था और इसमें विश्व समुदाय को भारत की अद्भुत एआई क्षमताओं को देखने का अवसर मिला जिसमें स्वदेश में बने तीन एआई मॉडल शामिल रहे।*

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मन की बात में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर चर्चा के बाद जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी से निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जिससे सतर्क रहने की आवश्कता है।*

*नरेन्द्र मोदी ने लोगों को रमजान के महीने और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दीं और ''वोकल फॉर लोकल'' का मंत्र भी दोहराया।*

*प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय मूल के कई खिलाड़ी शामिल हैं। कनाडा की टीम में भारतीय मूल के सर्वाधिक खिलाड़ी हैं।*

*प्रधानमंत्री ने इन दिनों परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की है।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

## आपदा राहत

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों को किराए के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 8 करोड़ 97 लाख 90 हजार रुपये जारी किए हैं। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये राशि उन परिवारों को जारी की गई है, जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे, या रहने योग्य नहीं है। शहरी क्षेत्रों मे 10 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार

रुपये प्रति परिवार किराया सहायता के रूप में दिए जा रहे हैं। पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में 16 हजार 4 सौ 88 परिवार प्रभावित हुए। इनमें से 2 हजार 2 सौ 46 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए जबकि 7 हजार 8 सौ 88 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची।

शिवरात्रि

सप्ताह भर चला मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज सम्पन्न हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने इस मौके पर निकाली गई सदियों पुरानी पारम्परिक जलेब यानि शोभा यात्रा में भाग लिया। इस जलेब का नेतृत्व राज देवता माधव राय ने किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है और लगातार शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला ले रही है। नाहन में आज मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के अनेक कॉलेजों और स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बिंदल ने कहा कि दूर–दराज के इलाकों में लोगों की मांग के अनुसार ही ये शिक्षण संस्थान खोले गए थे लेकिन इन्हें बंद कर राज्य सरकार सैंकड़ों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने युवा कांग्रेस द्वारा ए.आई. समिट का विरोध किए जाने को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदर्शन ने देश को शर्मसार किया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछले 3 वर्षों में शिक्षा विभाग ने 7 हजार पदों पर नियुक्तियां की हैं जबकि 4 हजार पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आज चंबा ज़िले में विभिन्न विकास कार्यों के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चनेड के विज्ञान खंड का शिलान्यास और साच स्कूल के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी शामिल है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन–शून्य फीसदी है। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन चंबा ज़िले में सर्वाधिक है, जिसके लिए विभाग के सभी कर्मचारी सराहना के पात्र हैं।

डीवार्मिंग–डे

राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस को लेकर किन्नौर ज़िले में कल 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी नेगी ने बताया कि एक से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन–ए की खुराक भी दी जाएगी।